e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, गुरुवार, 23 जनवरी 2020, माघ मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, संवत् 2076 विक्रमी वर्ष-13, अंक-101, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

एसएमएस में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेज के प्रबंधन विभाग लखनऊ मैनेजमेन्ट एसोसियेशन तथा एसोसियेशन ऑफ नॉलेज वर्कर्स, लखनऊ के संयुक्त सहयोग से आयोजित लर्निंग आउटकम एंड रिसर्च मेथड्स पर एक सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम (एफडीपी) आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन आईआईएम लखनऊ के प्रो.(डॉ.) सब्यसाची सिन्हा ने किया। उदघाटन सत्र में प्रो. (डॉ.) बीआर सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), एसएमएस, लखनऊ, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह (डीन, एसएमएस) आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों, संस्थानों और संगठनों से 50 से अधिक प्रोफेसर्स विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। जिसमें लगभग 40 प्रतिभागी अन्य संस्थानों के थे। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में आईआईएम के प्रो.(डॉ.) सुशील कुमार, उद्योगपति और नॉलेज वर्कर्स एसोसिएशन ऑफलखनऊ के अध्यक्ष एलके झुनझुनवाला और लीडविन के प्रबन्धनिदेशक एण्ड इंस्टीट्यूट ऑफचेंज एण्ड ट्रांसफार्मेशन प्रोफेशनल्स एशिया के कन्ट्री रिप्रेजेनटेटिव डॉ. राजन जौहरी उपस्थित थे।